सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

मंगलवार 21.05.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 31

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ



# भाजपा को झारखंड में वोट मांगने का हक नहीं : सीएम

**400 पार का मतलब संविधान से छेड़छाड़ः मंत्री हफीजुल हसन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तोपचांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोमवार को हेलीकॉप्टर से तोपचांची के मदैयडीह स्थित स्टेडियम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने तोपचांची के हटिया मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की 14 लोकसभा सीट में एक भी भाजपा को नहीं लेने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बचा रह गया है। केंद्र सरकार झारखंड के विकास की विरोधी है। भारतीय जनता पार्टी ने जनता को गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 1985 को स्वीकार किया है, 1932 का खतियान ये लोग स्वीकार नहीं करेंगे। हमने 1932 का संकल्प लिया है, जिसे लड़ के लेंगे। आदिवासियों को बचाने के लिए सरना धर्म कोड हर हाल में लागू करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी झूठी पार्टी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को झारखंड में वोट मांगने का अधिकार नहीं है। केंद्र सरकार ने झारखंड के लिए पीएम आवास का पैसा बंद कर दिया। इसलिए हेमंत सोरेन की सरकार अबुआ आवास योजना लेकर आइ। कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र, संविधान बचाने के लिए और भाजपा की तानाशाही के विरोध में है। उन्होंने कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को जीत से कोई नहीं रोक सकता। इस बार इतिहास रचा जाएगा।

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि भाजपा का 400 पार का मतलब संविधान से छेड़छाड़ है। बाबा साहेब का संविधान खत्म करने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि आपको 1985 चाहिए या 1932। अगर 1932 चाहिए तो मथुरा प्रसाद महतो को वोट दें। आज नफरत और मोहब्बत की लड़ाइ चल रहीं है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी केंद्र सरकार पर उर्दू के लफ्जों में तंज कसते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि यह चुनाव दो विचारधारा की लड़ाई है। पूंजीपति और गरीब किसानों की बीच की लड़ाई है। एनडीए गठबंधन की सरकार ने देश में काला धन वापस लाने की बात कही थी, लेकिन देश का चौकीदार सोता रहा और काला धन लाने की बजाय सफेद धन विजय माल्या, नीरव मोदी लेकर चले गए।

## सीडब्ल्यूसी ने नशे के शिकार बच्चे को किया रेस्क्यू

# बच्चे की समुचित देखभाल का न्यायाधीश का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत सोमवार को धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर से नशे के शिकार एक और नाबालिक का रेस्क्यू सीडब्ल्यूसी के सहयोग से किया गया। इसके पूर्व 13 में को भी एक बच्चे का रेस्क्यू किया गया था। बच्चों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल धनबाद में लाया गया उसकी सूचना मिलते हैं अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन सदर अस्पताल पहुंचे और बच्चे से बातचीत की डॉक्टर को बच्चों के समुचित इलाज का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने सीडब्ल्यूसी को निर्देश दिया कि बच्चे की पढ़ाई लिखाई और उचित देखभाल के लिए तुरंत प्रबंध किया जए। नाबालिक बच्चा बस्ताकोला का रहने वाला है जिसके पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह रेलवे स्टेशन में रहता है उसने बताया कि साथियों के साथ उसने नशा करना सीख लिया इस बावत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि झालसा के निर्देश पर नशाखोरी में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर डॉक्टर की सहायता से उनकी लत को छुड़ाकर उनके उज्जवल एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर वात्सल्य परियोजना पूरे जिले में चलाई जा रही है जिसके तहत आज एक बच्चे का रेस्क्यू हुआ है।

**स्पीड न्यूज**

### सामान्य प्रेक्षक ने वासेपुर व मटकुरिया के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने आज वासेपुर के उर्दू प्राथमिक विद्यालय में बूथ संख्या 87, 88 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों के पास खुली नाली कवर करने, दरवाजे में प्रवेश व निकास के लिए पार्टिशन करने, टेबुल-कुर्सी की व्यवस्था करने, पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, शेड व सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके बाद उन्होंने मटकुरिया स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बूथ संख्या 71, 72, 73 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन के साथ सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार भी मौजूद थे।

### दिव्यांग नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को 22 वर्ष कैद

**धनबाद।** दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी बरवड्डा निवासी राम दास कुमार मिश्रा को 22 वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। शनिवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर बरवड्डा थानेमें दर्ज की गई थी प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी पूजा पाठ करने के लिए गांव मे आता था। आरोप था कि जब भी पीड़िता शौच करने के लिए जाती थी तो आरोपी उसका पीछा करता था। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसे दवा खिला दिया जिस कारण उसका गर्भ खराब हो गया अनुसंधान के बाद पुलिस ने 16 अक्टूबर 23 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था।

### मथुरा के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**कतरास।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में समर्थकों ने बाघमारा के कोलियरी क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। समर्थकों ने बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र के जमुनिया कोलडंप के समीप रहने वाले धौड़ा के लोगों से मुलाकात की और मथुरा महतो के हाथों को मजबूत करते हुए उन्हें जिताने की अपील की। इस अभियान में रंजीत महतो, प्रदीप वर्मा, बलदेव वर्मा, शंभू महतो, विजय महतो, गंगा चौहान, पंचू नोनिया, दुकन बेलदार एवं कृष्ण रजवार आदि शामिल थे।

## चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में दो आदर्श मतदान केंद्र, चुनाव आयोग की घोषणा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के दो मतदान केंद्र जेकेआरआर प्लस टू स्कूल, और बालक-बालिका मध्य विद्यालय को आदर्श मतदान केंद्र घोषित किया गया है। इन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पंडाल, पंखा, गुब्बारा, ट्वाइस (खिलौने), कार्पेट और ठंडा पानी की व्यवस्था की जाएगी। मतदाताओं को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। यह जानकारी कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने दी। उन्होंने बताया कि पूरे नगर परिषद क्षेत्र के 21 वार्डों में 38 मतदान केंद्र हैं। सभी मतदान केंद्रों पर नियमानुसार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सभी बूथों पर पानी, शौचालय, बिजली, पंखा, साफ सफाई, डस्टबीन सहित ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। कहा कि इन बूथों पर नगर परिषद द्वारा छह सुपरवाइजर अमर दास, चिन्मय बनर्जी, अनिल साव, बैजू साव, अनुप कुमार, ओंकारनाथ श्रीवास्तव को प्रतिनियुक्त किया गया है। काम पूरा कराने में सभी जोर शोर से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों के लिए नाश्ता व भोजन की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने आम मतदाताओं से अपील की है कि राष्ट्रहित में मतदान अवश्य करें।

## पोलिंग पार्टी से जुड़े अधिकारियों व कर्मियों की बैठक

# 24 की सुबह 5 बजे डिस्पैच सेंटर में पहुंचने का निर्देश

**विशेष संवाददाता**






**धनबाद।** धनबाद लोकसभा निर्वाचन को लेकर इससे जुड़े डिस्पैच सहित अन्य कोषांगों के पदाधिकारियों व कर्मियों को 24 मई को प्रातः 5 बजे तक डिस्पेवः सेंटर पहुंचने की निदेश दिया गया है। मतदान 25 मई को होना है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज न्यू टाउन हॉल में डिस्पैच, सामग्री, ईवीएम, वाहन, कार्मिक सहित अन्य कोषांग के पदाधिकारियों व कर्मियों को त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि 24 मई को कृषि बाजार समिति से सिंदरी, टुंडी व बाघमारा, धनबाद पॉलिटेक्निक से धनबाद व झरिया तथा निरसा पॉलिटेक्निक से निरसा विधानसभा के लिए चुनाव सामग्री डिस्पैच की जाएगी। कृषि बाजार समिति के लिए बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कंपलेक्स, धनबाद पॉलिटेक्निक के लिए पास के ग्राउंड में तथा निरसा पॉलिटेक्निक के लिए डॉन बॉस्को स्कूल में पोलिंग पार्टी के लिए चिह्नित और जीपीएस लगे वाहन उपलब्ध रहेंगे। पोलिंग पार्टियां सुबह 5:00 बजे तक अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड से डिस्पैच सेंटर तक पहुंचने के लिए रिंग बस सेवा उपलब्ध रहेगी। डिस्पैच सेंटर में प्रजाइडिंग आफिसर सामग्री रिसीव करेंगे। ईवीएम कोषांग ध्यानपूर्वक ईवीएम का वितरण करेंगे। चुनाव सामग्री प्राप्त करने के बाद पोलिंग पार्टी पुलिस फोर्स के साथ समय पर मतदान केंद्र के लिए चिह्नित वाहन से रवाना हो जाएंगे। सुश्री मिश्र ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने आइडेंटिटी कार्ड पहनकर डिस्पैच सेंटर पहुंचेंगे। पोलिंग पार्टी की किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए डिस्पैच सेंटरों में प्रशिक्षण कोषांग का काउंटर उपलब्ध रहेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी ने भी विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और जीरो एरर चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए।

**ये लोग भी थे उपस्थित**

इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री निशु कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**शिव मंदिर, काली मंदिर सहित स्वतंत्रता सेनानियों को नमन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी में सोमवार को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रत्याशी ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में अपार समर्थन मिल रहा है। खासकर महिलाओं का हुजूम साथ चल रहा है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से एक नंबर बटन दबाकर कांग्रेस को समर्थन देने की अपील की। सिंदरी दौरा के चुकड़ीपाड़ा कांड्रा में बंगाली समुदाय के परिवारों से मिलकर समर्थन की मांग की। डीवीसी मोड़ कांड्रा में झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल के नेतृत्व में काफिले का स्वागत किया गया। राजद नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव ने भी जोरदार स्वागत किया। अनुपमा सिंह ने रोहड़ाबांध अमर क्लब में देश के महान युवा स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रोहड़ाबांध भारती क्लब मनोहरटांड़ बिनोद बिहारी महतो चौक पर महिलाओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। कुली कैंप खटाल में यादव समाज के लोगों ने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी को समर्थन दिया। शहरपुरा वीर कुंवर सिंह चौक पर आतिशबाजी और माला पहनाकर स्वागत किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी ने ऐतिहासिक शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ और माता अन्नपूर्णा सहित अन्य देवी देवताओं को नमन कर आशीर्वाद मांगा। रांगामाटी काली मंदिर में माता काली की पूजा अर्चना की। मार्शल क्लब मांझी थान में प्रत्याशी ने आदिवासी समुदाय को भी साध लिया। दौरे में जयराम सिंह, राहुल राज, दिलीप मिश्रा, संतोष चौधरी, मुन्ना यादव, राजबिहारी यादव, राजद जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव, बिनोद यादव सहित गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में अभिभावक गोष्ठी

### सम्मान समारोह में उच्चतम अंक वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित



**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में कक्षा नवम एवं दशम के लिए अभिभावक गोष्ठी के साथ सीबीएसई दशम एवं द्वादश में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विशु रवानी, राजेंद्र प्रसाद, उत्तम गयाली, सिद्धांत जी, पिंटू वर्णवाल, संजय रवानी एवं प्राचार्य राकेश सिन्हा उपस्थित थे। समारोह में कक्षा दशम एवं कक्षा द्वादश की छात्र छात्राओं व उनके माता-पिता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गए अतिथि परिचय विद्यालय के शिक्षत अशोक कुमार सिंह ने कराया। मंच संचालन विद्यालय की शिक्षिका डा निशा तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक धर्मेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अरविंद कुमार, राजेश कुमार, नवलकिशोर झा, मुरारी दयाल सिंह, पीयूष बेरा, सुधीर कुमार दास, श्रीमती सुतापा विश्वास, अजय कुमार पांडे, राजीव कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार दुबे, श्रीमती अनीता कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## ढुल्लू महतो बड़ा नेता है, आरोप तो लगेगा ही : रामचंद्र चंद्रवंशी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री पार्टी के स्टार प्रचारक रामचंद्र चंद्रवशी सोमवार को धनबाद पहुंचे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियां गिनाई और भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में लोगों से वोट करने की अपील की। उन्होंने लोगो से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने एवं ढुल्लू महतो को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए भाजपा सरकार के कई कार्यों से अवगत कराया। ढुल्लू महतो पर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया। कहा नेता है आरोप तो लगेगा ही।

## लुकैया मोहली टोला के लोगों ने की एनडीए व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के खिलाफ नारेबाजी

# सड़क निर्माण नहीं होने के विरोध में चुनाव बहिष्कार की घोषणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पूर्वी टुंडी।** टुंडी थाना क्षेत्र के लुकैया पंचायत के मोहली टोला में सड़क निर्माण नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने सोमवार को रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए जुलूस निकाला। जुलूस में भारी तादाद में लोगों ने टुंडी विधायक सह गिरिडीह लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो और एनडीए प्रत्याशी सांसद चंदप्रकाश चौधरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मोहली टोला से जुलूस की शक्ल में लोग लुकैया पहुंचे।

**वर्तमान विधायक 15 साल से सिर्फ दे रहे आश्वासन**

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान विधायक 15 साल से पद पर हैं। ग्रामीणों ने कई बार सड़क निर्माण के लिए उनसे अनुरोध किया। परंतु 15 वर्षो से आश्वासन के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हुआ। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पर भी ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। उनका कहना है कि विकास का नारा देने वाली भाजपा सरकार टुंडी कि सुदूरवर्ती इस गांव में आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध नहीं करा सकी, जिससे आपातकालीन स्थिति में लोगों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में यदि कोई बीमार पड़ जाए तो एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंचता है और खटिया से टांग कर मुख्य सड़क पंचायत भवन तक लाया जाता है। उसके बाद ही उसे इलाज के लिए कहीं और ले जाया जाता है। मोहली टोला में बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक उक्त सड़क का निर्माण नहीं किया जाएगा, गांव का कोई भी व्यक्ति अपना वोट नहीं डालेगा।

**जनप्रतिनिधियों को चेताया, गांव में घुसने नहीं देंगे**

ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों को चेताया भी है यदि कई भी प्रत्याशी इस गांव में वोट मांगने के लिए आता है तो उन्हें गांव में प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। उसी गांव के लालचंद मोहली ने कहा कि जनप्रतिनिधि को कई बार ज्ञापन देकर सड़क निर्माण की मांग की गई थी। बावजूद सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। आक्रोशित लोग मथुरा प्रसाद महतो मुदार्बाद, हाय-हाय,चंद्र प्रकाश चौधरी मुदार्बाद, हाय-हाय आदि नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर लालचंद मोहली, रामप्रसाद मोहली, राजेश मोहली, अरुण मोहली, रामचंद्र मोहली, अनिता देवी, तारावती देवी, पिंकी देवी, रंगलाल मोहली, बबलू मोहली, विजय मोहली, फूलचंद मोहली आदि मौजूद थे।

### महिला की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

**कतरास।** बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा हीरक रोड़ स्थित अनवित हेल्थ सेंटर अस्पताल में सोमवार को इलाज के दौरान बिलु देवी नामक एक 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इसके बाद उत्तेजित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही बताते हुए मकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर बाघमारा थाना प्रभारी सुजीत कुमार सिंह एवं बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार सदलबल अस्पताल पहुंचे तथा हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। जानकारी के अनुसार फतेहपुर पंचायत बंदियों जिला बोकारो की बिलु देवी को उनके पुत्र रवि कुमार, एवं संजय कुमार ने विगत 27 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती कराया था। दूसरे दिन 29 अप्रैल को आपरेशन हुआ, इसके बाद से लगातार इलाज चलता रहा। इसी बीच विगत 18 मई को महिला के पेट में दर्द शुरू हुआ। दो दिन बाद 20 मई को प्रात : लगभग 10 बजे महिला की मौत हो गई। ऑपेरशन अस्पताल के चिकित्सक आशीष कुमार एवं केशव कुमार ने किया था। इस संदर्भ में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यहां से मरीज को रेफर कर दिया गया था। परन्तु वे लोग उसे ले नहीं गए। समाचार लिखे जाने तक महिला के परिजन अस्पताल में डटे हुए थे।

### सिंदरी में बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

सिंदरी : सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी के छात्र छात्राओं ने सोमवार को शत प्रतिशत मतदान के लिए घोष दल के साथ मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली विद्यालय प्रांगण से निकली और एससी, शहरपुरा हटिया, बाजार होते हुए वापस विद्यालय परिसर पहुंची। रैली में स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, ब्लॉक प्रतिनिधि सह पर्यवेक्षक संजीव कुमार उपाध्याय, बलियापुर स्वीप नोडल अधिकारी संजीव कुमार दास, बीएलओ सुनीता देवी, मुखी देवी, जोशना देवी, कल्पना सोरेन, गुड्डी टुडू, पार्वती बास्की, प्रतिभा कुमार के साथ कक्षा 7 से 9 तक के शिक्षक शामिल थे।

## अब तक 53 मामले दर्ज, चार मामलों में हो चुकी है 10 साल 8 माह की सजा

# ढुल्लू ने चुनाव आयोग को किया गुमराह : विजय

**आयोग को 19 मुकदमे और 2 मामलों में सजा की दी गई जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर सेफ फॉर डेमोक्रेसी के संयोजक सह बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा ने हमला तेज कर दिया है। सोमवार को यूनियन क्लब में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो पर 53 मुकदमे दर्ज हैं। उनमें से चार मुकदमो में निचली अदालत 10 साल 8 माह की सजा दे चुकी है। परंतु उस व्यक्ति के बारे में पार्टी के लोगों ने चुनाव आयोग को गलत जानकारी देने का काम किया है। चुनाव आयोग को दी गई जानकारी में कहा गया है कि ढुल्लू महतो के खिलाफ न्यायालय में 19 अपराधिक मामले लंबित हैं। उनमें से सिर्फ दो में उन्हें सजा हुई है। इस जानकारी को रांची के एक अंग्रेजी अखबार तथा धनबाद के दो हिंदी अखबारों ने प्रकाशित किया है, जो गलत है। भाजपा प्रत्याशी ने गलत जानकारी देकर जनता को गुमराह करने का काम किया है। ऐसे प्रत्याशी को सबक सिखाने की जरूरत है। श्री झा ने कहा कि जिले में अपराध और गुंडाराज के कारण व्यापारी शहर छोड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि धनबाद से गुंडाराज खत्म करने और क्षेत्र के विकास के लिए सही उम्मीदवार का चयन करें। ऐसा काम कतई न करें, जिससे छह माह बाद या पांच साल बाद पछतावा हो। मौके पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय सिंह, आरडी पासवान, भगवान यादव आदि मौजूद थे।

**ढुल्लू पर अटेम्प्ट टू मर्डर के हैं 21 मुकदमे**

श्री झा ने लिखित दस्तावेज के आधार पर बताया कि भाजपा प्रत्याशी पर आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या की कोशिश के 21 मुकदमे दर्ज हैं। 384, 385, 387 के तहत अवैध वसूली तथा धमकी के 13 तथा हथियार छीनने और सरकारी काम में बाधा डालने के 15 मुकदमे दर्ज हैं। बाघमारा (महुदा) पीएस केस नम्बर 242/2005 के तीन मामलों में 25 फरवरी 2016 को 2 साल 1 माह की सजा हो चुकी है। बाघमारा (बरोरा) पीएस, केस नम्बर 307/2006 में 20 जनवरी 2016 को एक साल की सजा, बाघमारा (बरोरा) पीएस, केस नम्बर 133/2006 में 12 जुलाई 2018 को तीन मामलो में 1 साल 7 माह की सजा तथा कतरास पीएस केस नम्बर 120/2013 में 6 साल की सजा हो चुकी है। लेकिन अपने रसूख के दम पर कानून को भी ठेंगा दिखाते रहे हैं।

**53 रैयतों की हड़प चुके हैं जमीन**

श्री झा ने बताया कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार भाजपा प्रत्याशी ने 53 रैयतों की करीब 200 एकड़ जमीन कब्जा कर अपने बाउण्ड्री में मिला लिया है। इसमें बाघमारा क्षेत्र के लेडीडूमर और दरिदा के रैयत शामिल हैं, लेकिन पुलिस उनकी दंबगई के कारण कार्रवाई करने से बचती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के मामले की जानकारी चुनाव आयोग को दे चुके हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी को इन मामलों को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

**पार्टी की गलती जनता को सुधारने का है पूरा हक**

श्री झा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने अपना पता भी गलत दिया है। वह धनबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन उन्होंने अपने आपराधिक मामलों की जानकारी में पता गिरिडीह दिया है, जो गलत है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी को इन मामलों को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई उन्होंने कहा जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, जिन्हें भाजपा अपना प्रेरणा स्त्रोत मानती है, कहा था कि यदि कोई पार्टी गलत उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारती है तो उसे सुधारने का काम जनता को करना चाहिए। आज भाजपा ने यही काम किया है, इसलिए जनता को उसे सुधारने का वक्त आ गया है। ज्ञात हो कि ढुल्लू महतो का विरोध कर रहे विजय झा भी 90 के दशक में भाजपा से जुड़े थे। वह पार्टी के जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इस पार्टी से उनका लंबा रिश्ता रहा है।

## कोडरमा संसदीय व गांडेय विस चुनाव में दिखा मतदाताओं का जोश



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा चुनाव व गांडेय विधानसभा उप चुनाव के दौरान पुरुषों के साथ महिलाओं व युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की अच्छी खासी भागीदारी रही। अहले सुबह से ही महिलाएं सारे काम को छोड़कर मतदान केन्द्र पहुंच गई थी। सभी मतदान केन्द्रों पर महिलाओं की लंगी लंबी कतारें देखने को मिली। करीब एक से दो घंटे तक महिलाओं ने लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बुजुर्गों में भी मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। बुजूर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी, जिससे उन्हें मतदान करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

## नरेंद्र मोदी बनेंगे तीसरी बार प्रधानमंत्री : बाबूलाल

**गोविंदपुर प्रखंड के टीटीचापड़ी गांव में प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनाव सभा को किया संबोधित**

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोविंदपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि गरीबों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जितना काम किया है, उतना किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया है। यही कारण है कि मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। वह सोमवार को गोविंदपुर प्रखंड के टीटीचापड़ी गांव में प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन लूट की सरकार चला रहे थे। उन्होंने सरकारी एवं सेना की जमीन को हड़पा था। इसी कारण हेमंत सोरेन आज होटवार जेल में हैं। संविधान की ही देन है कि आज देश की आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं। संविधान के बदौलत ही वह भी झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बने और संविधान के कारण ही आज ढुल्लू महतो सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने विरोधियों पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि ढुल्लू महतो पर कई मुकदमे हैं, परंतु उन पर राहुल गांधी से कम मुकदमा है। कहा कि सांसद पीएन सिंह के अधूरे कामों को वह पूरा करेंगे। मिसाइल खरीदने वाला देश आज मिसाइल बनाकर बेच रहा है। दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने से दुनिया चिंतित है। आज भारत निर्यात कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास के कारण एक बार फिर मोदी सरकार बनाना जरूरी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2019 में 303 सीट भाजपा को मिली तो 370 खत्म हो गया। राम मंदिर का निर्माण हुआ। विरोधी कहते थे कि 370 खत्म हुआ तो कश्मीर में कोई तिरंगा उठाने वाला नहीं बचेगा। कहा कि कानून व्यवस्था राज्य सरकार का पहला काम है। धनबाद में कानून व्यवस्था बदहाल है। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय गिरिने की एवं संचालन मोहन कुंभकार ने किया । मौके पर लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू, संयोजक सत्येंद्र कुमार, विधानसभा प्रभारी संजीव अग्रवाल, अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, तारा देवी आदि मौजूद थे। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कीरिटी भूषण रूज, मार्क्सवादी युवा मोर्चा के अध्यक्ष दुलाल चंद्रा, मानिक चंद्र, उत्तम सेन आदि ने सदस्यता ग्रहण की।

### स्पीड न्यूज

## शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने मतदान के लिए लिया शपथ

**धनबाद।** झरिया के लाल बाजार स्थित यशोमति श्री विद्या निकेतन में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व के सबसे बड़े जीवंत लोकतांत्रिक देश भारत में चल रहे लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई। उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने शपथ लिया कि हम सभी स्वयं मतदान में अवश्य भाग लेंगे और आसपास के लोगों को भी प्रेरित करेंगे। योग्य, कर्मठ एवं ईमानदार उम्मीदवार को अपना अमूल्य वोट देकर देश के शासन व्यवस्था में अप्रत्यक्ष रूप से भागीदार बनने के लिए प्रेरित करेंगे।

## ढुल्लू ने लोगों से मांगा वोट



**जोड़ापोखर।** धनबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने भागा मंडल क्षेत्र का दौरा कर लोगों से समर्थन मांगा। पथरबंग्ला में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी के पति विधायक हैं।

## भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने चलाया जन सम्पर्क अभियान

**धनबाद।** झरिया विधान सभा अंतर्गत झरिया मुख्य बाजार में भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान की शुरूआत इंदिरा चौक से हुई और बाटा मोड़ तक चली। जनसंपर्क के साथ साथ डोर टू-डोर पर्ची वितरण किया गया। रागिनी सिंह ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में वोट करने की अपील की और पीएम मोदी के 10 वर्षो के कार्यकाल की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगो के समक्ष रखा।

## जमीन पर कोई काम नहीं दिखता मोदी का : गुलाम अहमद

**इंडिया गठबंधन या कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय व 25 गारंटी से बदल गया है माहौल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** इस लोकसभा चुनाव में पूरे देश बदलाव के लिए तैयार है। केंद्र की भाजपा सरकार ने पिछले 10 साल में जनता से जितने भी वादे किए थे, उन पर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई काम नहीं किया। उक्त बातें सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बैंक मोड़ स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन या कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय में 25 गारंटी देश की जनता के सामने रखी गई है। इन गारंटियों में महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण, टेक्निकली ट्रेंड युवाओं को पहली नौकरी पक्की के तहत सालाना एक लाख रुपये, किसानों को एमएसपी की गारंटी, पिछड़ी आबादी के लिए जितनी आबादी उतना हक जैसी चीजों को लोग सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस वजह से पूरा माहौल बदल चुका है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष सन्तोष सिंह, जामताड़ा विधयाक इरफान अंसारी, सुल्तान अहमद, रविन्द्र वर्मा, वैभव सिन्हा,नवनीत नीरज सहित बड़ी संख्या में जिला के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुनैना किन्नर ने झरिया में चलाया जनसंपर्क अभियान

**धनबाद।** निर्दलीय प्रत्याशी सुनैना किन्नर ने सोमवार को झरिया के विभिन्न स्थानों पर जन संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से कहा हर पांच साल पर विभिन्न प्रत्याशियों को वोट देकर आजमा चुके हैं। इस बार एक किन्नर को मौका दें। आपके विश्वास पर खरी उतर कर दिखाऊंगी। यदि कोई काम नहीं किया तो लोगों को मुंह नहीं दिखाऊंगी। उन्होंने कहा की एक किन्नर किसके लिए घपला और घोटाला करेगी, उसका तो अपना कोई परिवार ही नहीं होता है। जो कुछ करूंगी लोगों की भलाई के लिए करूंगी।

## कोलियारियों को निजीकरण से खतरा: सुजीत भाट्टाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** मजदूर यूनियनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा सोमवार को इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में श्यामपुर बी कोलियरी में नुक्कड़ सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए जेबीसीसीआई सदस्य सह सीपीएम नेता सुजीत भट्टाचार्य ने कहा कि कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई ईसीएल में 57 भुमिगत खदान चल रही है। बीजेपी सरकार धीरे धीरे सभी चालू खदानों को भी एमडीओ मोड पर औने-पौने दामों पर बेच देगी। कोल इंडिया का अस्तित्व खतरे में है। जिस दिन कोलियारियों में एक लाख से कम कर्मचारी हो जायेंगे, उस दिन कोल इंडिया को खत्म कर कोलियारियों को प्राइवेट कर दिया जायेगा। यह लोकसभा चुनाव देश बेचने और देश बचाने वालों के बीच हो रहा है। देश बेचने वाले लोग कोल इंडिया के चालू खदानों को अडानी-अम्बानी के हाथों में सौंप देंगे। मुगमा क्षेत्र में गोपीनाथपुर कोलियरी को बेच दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कोल इंडिया बनाया, बैंक बनाया, डीवीसी बनाया, सेल बनाया, एचसीएल बनाया। अब उन सब का निजीकरण किया जा रहा है। कांग्रेस की अगुवाई में अगर आइएनडीआईए गठबंधन सत्ता में आती है, तो युवा न्याय, महिला न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय सहित नौजवानों को पक्की सरकारी नौकरी, गरीब परिवार के एक महिला प्रति वर्ष एक लाख रुपये दिये जाएंगे। नुक्कड़ सड्ढा की अध्यक्षता जगदीश शर्मा ने की एवं संचालन विपिन मंडल ने किया।

## कांग्रेसी मंत्री के घर से मिले नोटों के ढेर : मरांडी

मैथन। रांची के डीसी बंदूक के लाइसेंस निर्गत करने में 3 से 5 लाख रुपये वसूल रहे हैं। यह मामला विधानसभा में भाजपा विधायक सीपी सिंह ने उठाया था। परंतु मुख्यमंत्री ने कोई कार्रवाई नहीं की। आज नतीजा सामने है कि वह आईएएस अफसर के साथ-साथ राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भी जेल की हवा खा रहे हैं। अब इंडिया गठबंधन के लोग कह रहे हैं कि साजिश के तहत जेल भेजा गया। प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने निरसा प्रखंड के विजयपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के घर से साढे तीन सौ करोड़ रुपए बरामद हुए। राज्य के मंत्री के सचिव के नौकर के घर से 35 करोड रुपए बरामद हुए। दूसरी ओर गठबंधन के लोग छाती पीट रहे हैं कि मोदी आएगा तो संविधान खतरे में आ जाएगा। राज्य सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में मंत्री जेल में है और वे लोग जनता की भलाई की बात किस मुंह से कह रहे हैं।

## चुनाव प्रक्रिया पर सूक्ष्म नजर रखेंगे माइक्रो ऑब्जर्वर, 18 दायित्व पर दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** सामान्य प्रेक्षक श्री के. थवसीलन ने आज न्यू टाउन हॉल में लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए मॉक पोल से लेकर मतदान संपन्न होने के बाद मतदान सामग्री रिसीविंग सेंटर में जमा करने तक, माइक्रो ऑब्जर्वरों को उनके 18 दायित्व पर दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर चुनाव प्रक्रिया पर सूक्ष्म नजर रखेंगे। मतदान संपन्न होने के बाद कृषि बाजार स्थित रिसीविंग सेंटर में सभी रिपोर्ट सहित चुनाव के दौरान हर गतिविधि की जानकारी उनको देंगे। मतदान केंद्रों में प्रत्याशी के एजेंट की मौजूदगी में समय से मॉक पोल करेंगे। मॉक पोल के बाद कंट्रोल यूनिट से मॉक पोल डाटा को क्लियर कर, वीवीपैट से सभी स्लिप निकाल कर ब्लैक लिफाफे में सीलबंद कर, ईवीएम को जीरो पर सेट करेंगे। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पोलिंग पदाधिकारी अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें। आयोग के निदेर्शानुसार समय पर मतदान शुरू कराए। बूथ पर पानी, बिजली, शौचालय, शेड सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें। संध्या 5:00 बजे के बाद जितने भी मतदाता लाइन में लगे होंगे उन्हें टोकन देकर मतदान कराए। उन्होंने ईवीएम व वीवीपैट सील करने, डिस्पैच सेंटर में पोस्टल बैलट से अपने मताधिकार का प्रयोग करने, बूथ में वोटर को मोबाइल फोन लेकर प्रवेश नहीं करने देने सहित अन्य बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए।

### प्रेक्षक ने किया झरिया में मतदान केंद्रों का निरीक्षण

धनबाद। सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने झरिया विधानसभा के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बोर्रागढ़, उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय भगतडीह में बूथ संख्या 37, 38, 39, 65, 66, 28, 29 व 32 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, शेड व सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व उन्होंने पोस्टल बैलट के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

## एक नजर में

### आजसू कार्यकर्ताओं ने चंद्र प्रकाश के समर्थन में किया जनसंपर्क



**पूर्वी टुंडी।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के समर्थन में भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हलकट्टा, शंकरडीह, लटानी, बामनाबाद, सिगरायडीह, मोहलीडीह, विश्वाडीह में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की। मतदाताओं से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बानाने के लिए समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान में भाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष महादेव कुमार, आजसू प्रखंड अध्यक्ष काजल कुमार, आजसू नेता नरेश महतो, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विजय दास,जदयू प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू सिंह आदि शामिल थे।

### धनबाद के विकास के लिए भाजपा को दें वोट : भानु प्रताप



**धनबाद।** पिछले दस साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में धनबाद में बहुत सारा काम हुआ है। सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य पहले से ज्यादा बेहतर हुई है। लोगों को मुफ्त अनाज के साथ गैस चूल्हा, सिलिंडर, शौचालय, पक्का मकान आदि का लाभ मिला है। इसलिए केंद्र में तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट दें। उक्त बातें सोमवार को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को समर्थन देने पहुंचे भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप साही ने धैया स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने ढुल्लू के विरोधियों पर जम कर हमला किया। उन्होंने कहा केन्द्र की कांग्रेस के समय सिन्दरी खाद कारखाना में ताला लटका था, आज मोदी जी की देन है कि सिन्दरी खाद कारखाना से उत्पादन हो रहा है। यहां से कई राज्यों में खाद आपूर्ति की जा रही है । अगले पांच वर्ष में धनबाद में एयरपोर्ट से लेकर बुलेट ट्रेन तक का लाभ जनता को मिलेगा। बेरमो विधायक के रोजाना एक करोड़ कमाई पर भी सवाल खड़ा किया।

### बीसीकेयू ने चलाया जनसंपर्क अभियान




मैथन । बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने सोमवार को मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के समर्थन में खुदिया फाटक सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग में जनसंपर्क अभियान चलाया। मजदूरों को संबोधित करते हुए आगम राम ने कहा कि भाजपा कॉरपोरेट घराने की पार्टी है। इसलिए वह कोल इंडिया का निजीकरण कर कॉपोर्रेट घरानों को सौंपना चाह रही है। भाजपा को सत्ता से हटकर ही मजदूर खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा आवाज बुलंद करते रहे हैं। मजदूर उन्हें अपना मत देकर उन्हें संसद में भेजें। मजदूरों को कार्तिक दत्ता, लालू ओझा, दीपक सिंह, रंजीत मोदी, विमल महतो, राजेश सिंहा, कमल बाउरी ने भी संबोधित किया।

### महिला की चेन छिनतई करने वाले युवक को लोगों ने किया पुलिस के हवाले



धनबाद । सदर थाना क्षेत्र के बेकारबांध के समीप सोमवार की शाम बाइक सवार युवक ने झपट्टा मारकर एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। बताया गया कि पॉलिटेक्निक रोड निवासी महिला बाजार से सामान खरीदकर घर जा रही थी। युवक की पिटाई के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। युवक रणधीर वर्मा चौक के समीप डोम पाड़ा का रहने वाला आकाश डोम है।

### विद्यापति परिषद नें ईडी को दिया समर्थन



धनबाद। प्रदेश के पे जल मंत्री आज कहा कि भाजपा कि केंद्र सरकार ई डी व आयकर के जरिये झारखण्ड के नेताओं को प्रताड़ित कर रही है। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान में कही। श्री नें हिंदू मुसलमान तथा जातपात की राजनीति पर वोट मांग रहें है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि ऐसा चुने की अपने हक के साथ समस्याओं का भी निदान कर सकें। जातापात की राजनीति नहीं होनी चाहिए। बाहरी भीतरी का भर्म फैलाया जा रहा है। हम सभी देश के नागरिक है सभी का एक अधिकार है। विद्या परिषद ने यह निर्णय लिया है कि एनडीए को वोट करेंगें। वही वही प्रेस वार्ता में विजय झा,अमितेश सहाय,एस के झा, एके झा, अजय कुमार झा, अमर नाथ झा आदि उपस्थित थे।

# जारंगडीह रेलवे साइडिंग के बगल में बसे दर्जनों परिवार टीबी के शिकार

## यहां दर्जनो छोटे छोटे बच्चे और बच्चियां कुपोषण के शिकार, पास मे ही चलती है आंगनबाड़ी केंद्र, बिमारी की रिपोर्ट पहुचाने मे नाकाम

**साबिर और मुकेश,**





**बेरमो/जारंगडीह।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना के जारंगडीह रेलवे साइडिंग के ठीक बगल में भुईयां टोला नामक गांव वर्षो से आबाद है, जिसमे लगभग सैकड़ो की संख्या में लोग सपरिवार निवास करते हैं और दैनिक दिहाड़ी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। मगर पिछले कुछ दिनों से यहां टीबी ने दस्?तक देकर लोगो को धीरे धीरे अपने आगोश में लेना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यहां दर्जनों लोग इस बिमारी से बुरी तरह ग्रसित है और कई तो इलाज के अभाव में असमय काल के गाल में समा चुके हैं। इतना ही नहीं यहां दर्जनों बच्चे और बच्चियां कुपोषण के बुरी तरह शिकार हैं मगर दुर्भाग्य देखिए इसे देखने वाला कोई नहीं। क्या है इसके मुख्य कारण - दरअसल पहले सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था और लोग यहां मजे से रह भी रहे थे और लगभग स्वास्थ्य थे मगर पिछले कुछ वर्षों में सीसीएल बीएंडके और सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र ने इस रेलवे साइडिंग में कई क्रोसर की स्थापना की जो दिन रात कोयला क्रेस कर रैको मे लोड हो बाहर भेजा जाता है। आप यह जानकर हैरत मे पड़ जायेगे की यहां कोयला क्रेस के समय इतना भारी मात्रा में कोल डस्ट उड़ता है कि दिन में ही यहां बादल छा जाता है जबकि कोयला क्रेस के मानकों के अनुसार कोयला क्रेस के दौरान भारी मात्रा में जल का छिड़काव होना अनिवार्य किया गया है मगर दुर्भाग्य या सीसीएल की लापरवाही के कारण यहां ऐसा कुछ भी नहीं होता। कोयला क्रेस के दौरान उठने वाले कोयला के डस्ट का गुब्बार सिधे बगल में बसे भुईयां टोला में जाकर लोगो को वर्षो से प्रभावित कर रहा है। आलम यह है कि यहां गलती से भी खाना बना हुआ अगर खुला रह गया तो डस्ट से वह भर जाता है और खाने योग्य नही रहता। यहां के लोग शुद्ध पेयजल के नाम पर गंदा और प्रदुषित पानी पिते है। दुसरे शब्दों में कहे तो यहां के पुरे जलवायु में दिन रात प्रदुषण का जहर इस कोल क्रेशरो द्वारा घोला जाता है जिसका सिधा सिधा असर यहां के जन जीवन पर पड़ता है और यहां लगातार टीबी की मरिजो की संख्या में इजाफा हो रहा है और बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं।

यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि जिला स्वास्थ्य विभाग इस मामले में पुरी तरह मौन और अनदेखी कर रही है या उनके सूचना तत्र पुरी तरह फेल हो चुके हैं। कौन है स्वास्थ्य विभाग के सूचना तंत्र- अब सवाल उठता है कि जिला स्वास्थ्य विभाग के सूचना तंत्र कौन है तो बताता चलू की क्षेत्र में चलने आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका ही इनके सूचना तंत्र है जो प्रति वर्ष अपने क्षेत्र के रिपोर्ट कार्ड जिला स्वास्थ्य विभाग को भेजती है मगर यहां आंगनबाड़ी केंद्र तो है मगर सिर्फ खानापूर्ति मात्र। यहां की सेविका को क्षेत्र में बढ़ते टीबी जैसी जानलेवा बिमारी से ग्रसित लोगो की जानकारी से कोई लेना देना नही दिखता अगर कुछ दिखता है तो चंद बच्चों की उपस्थिति और उसे आधा अधुरा पोषाहार के नाम पर खिचड़ी परोसना।

**यहां इस बिमारी को लेकर जागरूकता का अभाव** - यहां की विडंबना देखिए कि यहां कई लोगो को टीबी नामक बिमारी की घातकता तक कि जानकारी नहीं है बचाव की बाते तो दुर और यह सब जागरूकता के अभाव के कारण हो रहा है। अब सवाल उठता है कि यहां नरकिय स्थिति पैदा करने की पिछे के असली जिम्मेदार कौन है, तो बताता चलू की प्रथम दृष्टया यह साफ प्रतित होता है कि इसका सबसे पहला जिम्मेवार सीसीएल प्रबंधन है, जो प्रदुषण रोकने के सभी मानकों को ताख पर रख कोयला क्रेश मे दिन रात जुटा हुआ है मानो उन्हें इस बात से कोई लेना देना ही नही की कोयला क्रेश के दौरान उनके द्वारा उत्पन्न किये प्रदुषण से बड़ा आबादी प्रभावित हो रहा है। लोग टीबी से ग्रसित हो असमय मौत के आगोश में जा रहे हैं।

**मामले की गंभीरता को समझ मुखिया पति ने की थी पहल** - जारंगडीह दक्षिणी पंचायत की मुखिया सुमंती देवी के पति सुदेश भूईयां को इस मामले की गंभीरता का आभास हुआ तो उन्होंने बीएंडके व केटीए मुख्य महाप्रबंधक को आवेदन देकर यह मांग किया की लोगो के सेहत के साथ खिलवाड़ करना बंद करे। रेलवे साइडिंग में चलने वाले जान लेवा क्रेशर से उड़ने वाले मौत रुपी कोल डस्ट का उड़ना बंद करे। मगर सीसीएल की हठधर्मी देखिए दिये आवेदन के बाद भी कोई पहल आज तक नहीं किया गया और यहां के लोग आज भी सिसक सिसक कर जिने और किसी तारणहार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मामले को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

**क्या इस मामले की जानकारी स्थानीय जन प्रतिनिधि को नही** - यह कहना मुश्किल है कि इस मामले की जानकारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों और नेताओं को है कि नही मगर यह भी सौ फीसदी सत्य है कि चुनाव के समय यह बीमार तबका वोट देता होगा और नेतागण वोट मांगने यहां आते होगे। सवाल उठता है कि क्या उस समय उन नेताओं को यहां रह रहे लोगो की दशा दिखाती है। कुल मिलाकर अगर यह कहे कि नेताओं को मानों इस मामले से कोई सरोकार ही नहीं। लोग मरते हैं मरते रहे उन्हें तो बस अपनी कुर्सी से मतलब दिखता है।

## एक नजर में

### डीआइ ने बोकारो अकादमी के भारतीय संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के प्रयास को सराहा





बोकारो। बोकारो संगीत कला अकादमी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में अकादमी द्वारा आयोजित नृत्य संगीत चित्रकला एवं हस्तकला की सात दिवसीय कार्यशाला में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने प्रशंसनीय प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं। साथ ही आदिवासी एवं स्थानीय कला की प्रस्तुति अकादमी की आदिवासी छात्राओं ने नृत्य द्वारा की। आयोजन के मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी थे जिन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बोकारो संगीत कला अकादमी द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित कर भारतीय संस्कृति एवं कला को अक्षुण्ण रखने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने अकादमी एवं अकादमी के सभी शिक्षकों एवं ट्रस्ट के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। साथ ही बोकारो स्टील प्रबंधन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अकादमी के अध्यक्ष एवं ईडी कार्मिक व प्रशासन राजन प्रसाद ने अकादमी के उत्थान हेतु किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की संरचना एवं प्रस्तुतियां अकादमी की सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। गायन की कार्यशाला अकादमी के वरिष्ठ गुरु पंडित प्रसेनजीत शर्मा नृत्य की कार्यशाला एवं प्रस्तुति विमल पत्र अर्चना, संघमित्रा महाश्वेता बेहरा विश्वजीत द्वारा आयोजित की गई। हस्तकला एवं चित्रकला की प्रस्तुति का आयोजन शिक्षक संदीप सिंह नीरज पांडेय एवं अशोक कुमार द्वारा किया गया। वाद्य यंत्र एवं गायन प्रस्तुति वरिष्ठ गुरुजन धनंजय चक्रवर्ती नरेश सिन्हा अमित सरकार के मार्गदर्शन में की गई। आदिवासी नृत्य का प्रदर्शन पूनम सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के ईडी सुरेश रंगानी जयदीप दास गुप्ता, पीके रथ, चितरंजन महापात्र तथा अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे। अकादमी के सचिव अरुण कुमार सिन्हा ने सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

### गिरिडीह लोकसभा के बोकारो थर्मल में लोकहित अधिकार पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



बेरमो। गिरिडीह लोक सभा से लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी ज्ञानेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू ने बोकारो थर्मल के रेलवे स्टेशन, हनुमान मंदिर स्थित चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काट कर किया। चुनावी कार्यालय में काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो व्यवस्था है, उस व्यवस्था के खिलाफ मैं नौकरी छोड़ कर पार्टी के दिशा निर्देश पर चुनाव मैदान में हूं। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी बिरेंद्र प्रसाद, जिला संयोजक जोधन नायक, विनोद साह मो मंटू,शेखर साव,सुनील सिंह, अब्दुल रज्जाक, चंदन साव, रंजीत साव, अमरजीत साव आदि उपस्थित थे।

### इंडिया गठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को वोट देने की अपील की



बेरमो। बेरमो प्रखंड के संडे बाजार मलिक मोहल्ला चार नंबर टिना दौड़ा रथ मंदिर लोधार बेड़ा सहित कई गांव का भ्रमण कर गिरिडीह लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनावी जनसंपर्क अभियान कर नुक्कड़ सभा के माध्यम से ग्रामीणों को मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण एकजुट होकर मोदी सरकार की महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ मतदान करें। मौके पर आफताब आलम खान, अनिल अग्रवाल, सुबोध सिंह पवार, बीरेंद्र सिंह, संतोष महतो, बेलाल हाशमी, मुकेश भारती, रवि कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब चास ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



बोकारो। रोटरी क्लब चास की ओर से पीपीएच कार्यक्रम के अंतर्गत कमजोर वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई। यह स्वास्थ्य जांच शिविर बायपास रोड स्थित वेस्पा शोरूम में लगाया गया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि अब लोग स्वास्थ्य के बारे में अधिक शिक्षित और जागरूक हो रहे हैं। जांच शिविर में डॉ सुमन ने कहा कि किसी बीमारी का इलाज करने की तुलना में उसे रोकना बेहतर है इसलिए नियमित जांच जरूरी है। डॉ श्रवण ने जांच करते हुए कहा कि लोग समस्या होने पर डॉक्टर के पास जाते हैं लेकिन नियमित जांच से समस्या का निदान संभव है। रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने बताया कि आज के शिविर में 54 कामगारों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई। कुछ लोगों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बीमारी पाई गई उन्हें चिकित्सीय सलाह दी गई।

## स्पीड न्यूज

### सुशील मोदी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया




बोकारो। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले सेक्टर 2 स्थित लोकनायक जयप्रकाश भवन में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री सुशील कुमार मोदी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए गए रास्तों पर चलकर उनके सपनों का भारत का निर्माण का संकल्प लिया गया। स्व सुशील मोदी के छात्र जीवन से लेकर राजनीतिक जीवन तक विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी रहे विनय कुमार सिंह ने कहा कि स्व मोदी सरल हृदय के धनी थे। जीवन पर्यंत अपने आदर्श का पालन करते रहे तथा कभी भी भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं किया। विद्यार्थी परिषद के रामप्रवेश सिंह ने कहा कि स्व सुशील मोदी जेपी आंदोलन बांग्लादेशी घुसपैठ आंदोलन में जेल यात्रा की, इमरजेंसी में 19 माह तक तथा राम जन्मभूमि आंदोलन में 19 दिन तक जेल में रहे उनके आदर्श तथा सिद्धांत के कारण वह हमेशा याद रहेंगे। डॉ राजीव रंजन ने कहा कि सुशील मोदी हमेशा छात्रों के आदर्श रहेंगे। हरिप्रकाश लता ने इमरजेंसी आंदोलन में सुशील मोदी के भूमिका पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। विनोद कुमार परिषद के विवेक पाठक के अलावा संघ अभय कुमार मुन्ना राजकुमार अखिलेश कुमार सिंह सुशील कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन कौशल किशोर ने किया।

### वोट बहिष्कार को लेकर नक्सलियों ने चिपकाये पोस्टर, दहशत में लोग



बेरमो। लोकसभा चुनाव बहिष्कार को लेकर नक्सलियों ने एक बार फिर से पर्चा चस्पा कर ग्रामीणों को चुनाव से दूर रहने की हिदायत दी है। इसे बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना बोकारो जिला के कसमार थाना क्षेत्र के खैराचातर एवं दुर्गा पंचायत के अलग-अलग इलाकों में पोस्टर चिपका कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास किया है। नक्सलियों द्वारा बीते देर रात पर्चा चिपकाए जाने की बात सामने आई है। घटना को लेकर कसमार थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस द्वारा पोस्टर को जब्त कर लिया गया है।

# लोस चुनाव को लेकर चास व बेरमो में निषेधाज्ञा लागू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

> आम सभा का आयोजन करने तथा जुलूस निकालने पर मनाही रहेगी, निषेधाज्ञा शव यात्रा, शादी व मांगलिक कार्य पर लागू नहीं होगी

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। इस परिप्रेक्ष्य में बोकारो जिले के चास और बेरमो अनुमंडलों में निषेधाज्ञा धारा 144 लागू कर दी गई है। चास एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता एवं बेरमो एसडीओ अशोक कुमार ने अपने अपने क्षेत्रों में निष्पक्ष चुनाव के आचरण एवं अनुकूल स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए संतुष्ट होकर चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक अथवा अधिकतम 60 दिनों तक जो भी पहले हो दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बोकारो जिला के चास एवं बेरमो अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत निषेधाज्ञा जारी कर दी। इसके तहत सम्पूर्ण चास बेरमो अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत किसी प्रकार के घातक हथियार आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। निषेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारी /कर्मचारी/पुलिस पदाधिकारी एवं कर्तव्य पर तैनात पुलिस बल पर नेपालियों द्वारा खुखरी धारण तथा सिखों द्वारा कृपाण रखने पर लागू नहीं होगा। चास बेरमो अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत सरकारी अर्द्धसरकारी स्थानीय निकायों जैसे महाविद्यालय उच्च विद्यालय प्राथमिक विद्यालय मध्य बुनियादी विद्यालयों एवं किसी भी आम भूमि पर अधोहस्ताक्षरी के बिना अनुमति किसी प्रकार का आम सभा का आयोजन करने तथा जुलूस निकालने पर मनाही रहेगी। यह निषेधाज्ञा शव यात्रा शादी विवाह/मांगलिक कार्य पर लागू नहीं होगी। इसके अलावा अन्य आदेश भी जारी किए गए हैं।

## चुनाव ऑब्जर्बर और एसडीएम ने नगर परिषद क्षेत्र के कई बूथों का किया निरीक्षण



**फुसरो (बेरमो)।** लोकसभा चुनाव का गिरिडीह लोकसभा में 25 में को चुनाव होना है। चुनाव के महज कुछ दिन ही बचे हैं। इसको लेकर प्रशासन की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गई है।

इन तैयारी का जायजा लेने बेरमो चुनाव ऑब्जर्बर अरुण महेश बाबू तथा बेरमो एसडीएम अशोक कुमार ने नगर परिषद के कई बूथों का औचक निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान बेरमो अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, फुसरो नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार, बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार, सीसीएल ढोरी के सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार मौजूद थे। सभी ने मकोली डीएवी पब्लिक स्कूल, पीडबलूडी कार्यालय फुसरो, न्यु भागलपुर स्कूल फुसरो, अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो के बूथों का निरीक्षण किया।

उन्होंने मतदान कर्मियों के रहने, पानी, शौचालय तथा मतदाताओं का मतदान के समय विभिन्न प्रकार के सुविधा सहित अन्य प्रकार की सहूलियत का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम कुमार ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। बेरमो अंचल अधिकारी सिंह ने बताया कि इस औचक निरीक्षण में चुनाव आब्जर्वर अधिकारी सभी बूथों का औचक निरीक्षण में संतुष्ट पाए। उन्होंने गर्मी को देखते हुए शेड निर्माण की बात कही, जिसकी हम लोग पूर्व से ही तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद थे।

## आपका एक वोट आपका निर्णय है मतदान जरूर करे : मधुसूदन मोदक



पुलिस निरीक्षक ने ग्रामीणो को जागरूक करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण वातावरण में करवाने के उदेश्य से सदर प्रभाग के पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने मोतिया ओ पी प्रभारी महावीर पंडित के साथ मिलकर सोमवार को मोतिया थाना अन्तर्गत विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दरम्यान मोदक ने कई गांवो का भ्रमण करते हुए गांव के ग्रामीणो को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मधुसूदन मोदक ने ग्रमीणों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें संविधान से मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। हमें अपने मताधिकारों का प्रयोग करके अपनी सशक्त सरकार चुननी चाहिये एवं देश के लोकतंत्र को मजबूत बनान चाहिये इसलिए हम सबको मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान को अपना अधिकार व कर्तव्य मानते हुए घर से बाहर निकलें और मतदान करते हुए अपने पसंद के उम्मीदवार को चुनें। उन्होंने आगे कहा कि आपका वोट आपका निर्णय है, अपना निर्णय जरूर दे, मतदान जरूर करे। ओपी महावीर पंडित ने कहा कि हम स्वयं मतदान करने के साथ ही घर के सभी मतदाताओं को भी जागरूक बनाएं और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान पुलिस निरीक्षक एवं ओ पी प्रभारी ने बच्चों के बीच चॉकलेट भी बांटे।

### निमिया मोड व आसपास में चलाया गया सफाई अभियान



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के पास में अवस्थित निमिया मोड और उसके आस पास के क्षेत्र में डीवीसी प्रबंधन द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत साफ सफाई का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने स्थानीय लोगों से अपील किया कि लोग खुले जमीन पर गंदगी ना फैलाएं। उन्होंने स्वच्छता के लिए स्थानीय लोगों को हर संभव मदद करने का भी भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक दिलीप कुमार, उप समादेष्टा ज्ञान सिंह, रविंद्र कुमार अक्षय कुमार, अवधेश शेखावत कविंद्र नाथ सिंह बसंत महापात्रा मुखिया श्रीकृष्णा सिंह मुन्ना नंद नंदकुलियार व सीआरपीएफ के जवान आदि शामिल थे।

### गोवर्धन महतो को सश्रम कारावास की सजा

बेरमो/नुघाट कोर्ट। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी गोवर्धन महतो को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। चतरो चट्टी थाना अंतर्गत चेलिया टांड़ निवासी मालती देवी ने बयान दर्ज कराया कि उसके पति विनोद साव का चाय नाश्ता का दुकान पर कुंदा चौक के पास था। जहां 20 नवंबर 2020 को शाम पांच बजे गोवर्धन नाश्ता करने के बाद पैसा देने में आना-कानी करने लगा। पति विनोद साव ने पैसा मांगा। तब गोवर्धन ने काफी मारपीट किया।



**Format C-1**

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25 September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 336 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Va. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate:_BIDYUT BARAN MAHATO, KRISHNAPUR, ADITYAPUR INDUSTERIAL AREA, NIT, SARAIKELA KHARSAWAN, PIN-832109

Name of political Party:__BHARTIYA JANATA PARTY______________

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election :_LOKSABHA 2024________________________

* Name of Constituency:___09, JAMSHEDPUR__________________

I__BIDYUT BARAN MAHATO____________(name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM, JAMSHEDPUR | SAKCHI PS CASE NO- 03/2022 DATED 06/01/2022 | PENDING POLICE BAIL ON 03/04/2024 | U/S-188/269/270/290/IPC AND 51(B) DISASTER MANAGEMENT ACT-2005 |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences-NIL

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Imposed Punishment |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned din place of name of constituency.



# बरहेट विस अंतर्गत आदिम जनजाति बहुल गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** स्वीप कोषांग साहेबगंज की ओर से बरहेट प्रखंड बरमसिया पंचायत के छोटा पत्थरचट्टा गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी- सह नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग डॉ सुमन गुप्ता, बीडीओ अंशु कुमार पांडेय एवं नोडल प्रभारी स्वीप कोषांग राजेश कुमार चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में बरहेट विधानसभा अंतर्गत आदिम जनजाति बहुल गांव छोटा पत्थरचट्टा में मतदाता संपर्क अभियान चलाकर मतदान के प्रति लोगों को किया गया जागरूक। खेल पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय भाषा में जागरूकता कार्यक्रम चलाई जाने से यह प्रतिशत और बढ़ जाएगी मतदान को लेकर लोग काफी उत्साहित दिख रहे हैं। सभी से आग्रह किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। डॉ सुमन गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा। सभी से वोटिंग करने की अपील की गई।

**मतदाताओं ने लिया मतदान प्रतिज्ञा संकल्प :** मतदाताओं ने जिले के वरीय पदाधिकारी के समक्ष 1 जून को होने वाले मतदान की प्रक्रिया में सक्रिय होकर भाग लेने हेतु मतदान प्रतिज्ञा संकल्प लिया। मौके पर जिला समन्वयक एसबीएम आशीष कुमार, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी गौरव सिद्धार्थ, अनंत सिन्हा, सरफराज नवाज, पर महिला पर्यवेक्षिका जुली कुमारी, मोनिका कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक हितेंद्र चौबे, श्रवण कुमार, अमित कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### साहिबगंज : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली गयी रैली

**तीनपहाड़।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत भारत स्काउट और गाइड, मॉडल कॉलेज राजमहल एवं उच्च विद्यालय तीनपहाड़, उर्दू कन्या उच्च विद्यालय तीनपहाड़, मध्य विद्यालय तीनपहाड़ द्वारा सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। वोट करें एक जून पर मानव श्रृंखला बनाया छात्र छात्राओं ने, पेड़ देकर संदेश एक वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करें और एक पेड़ लगाकर प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिसमें राजमहल बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, सीओ अशोक सिन्हा, मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह, एनसीसी के उमा शंकर सिंह उपस्थित थे।

# कोडरमा में गांव से लेकर शहर तक लोगों में दिखा उत्साह

## उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने घूम-घूम कर लिया मतदान कार्य का जायजा







- चिलचिलाती धूप में भी मतदान केंद्रों में लगी रही भीड़
- सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुई
- परियोजना बालिका उच्च विद्यालय रहा आकर्षण का केंद्र
- पहली बार मतदान कर उत्साहित दिखे युवा
- विधायक, उपायुक्त, एसपी व जीप अध्यक्ष ने किया मतदान

**उमा शंकर, ब्यूरो कोडरमा**

**कोडरमा।** लोकसभा क्षेत्र के कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुई, मगर कई बूथों पर देर से वोटिंग शुरू की गयी, हालांकि मतदान को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं वोटिंग 7 बजे से शुरू होनी थी इसे लेकर कई बूथों पर मतदाता 6 बजे से ही लाइन में खड़े नजर आये। वहीं जिला प्रशासन द्वारा चलाये गए मतदाता जागरूकता अभियान का भी असर इस बार वोटरों में देखने को मिला। इस चिलचिलाती धूप में भी युवक युवतियों, महिला पुरुषों के साथ साथ बुजुर्ग मतदाताओं की लंबी कतारें मतदान केंद्रों में देखी गयी, बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी देखे गए। वहीं मतदान को लेकर पहली बार वोटिंग कर रहे मतदाताओं में भी काफी खासा उत्साह देखने को मिला।

### दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं ने उपायुक्त को कहा शुक्रिया

इस बार चुनाव आयोग और उपायुक्त के निर्देश पर दिव्यांग, बुजुर्ग और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले मतदाताओं के लिए टोटो की व्यवस्था की गई थी, साथ ही केंद्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था किये जाने से दिव्यांगों और बुजुर्ग वोटरों को मतदान केंद्र पहुंचने में काफी सुविधा हुई, ऐसे में इन वर्गों के वोटरों ने चुनाव आयोग और उपायुक्त के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि पहली बार लगा कि चुनाव में बुजुर्गों और दिव्यांगों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, अमूनन ऐसे चुनावों में हमे उपेक्षा देखने को मिलती थी, भीड़ के कारण या तो अपना वोट नही डाल पाते थे या फिर धक्के खा कर किसी तरह वोट दे पाते थे, मगर इस बार केंद्रों में मौजूद सहायकों ने न केवल व्हीलचेयर उपलब्ध कराया बल्कि प्राथमिकता से वोट देने को मिला।

### बंद रहे प्रतिष्ठान, बूथों पर रहा गुलजार

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला मुख्यालय, झुमरीतिलैया के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद दिखे तो वहीं कल कारखाने और होटलों में भी कार्य प्रभावित दिखा। वहीं प्रमुख सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखा। पहले मतदान फिर जलपान के तर्ज पर सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की भीड़ देखी गयी। जिला मुख्यालय स्थित आदर्श मय बूथ न 124, 125, उच्च विद्यालय समेत आस पास के विभिन्न मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह साढ़े छह बजे से 11 बजे तक बूथों में अत्याधिक भीड़ देखी गयी, उसके बाद दोपहर 2 बजे से करीब करीब सभी बूथों पर सन्नाटा पसरा दिखा। वहीं 3 बजे के बाद पुनः बूथों पर भीड़ देखी गयी।

### विधायक, उपायुक्त, एसपी व जीप अध्यक्ष ने किया मतदान

कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव अपने परिजनों के साथ पैतृक गांव झरीटांड स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बूथ न 188 में मतों का प्रयोग किया। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने मत का प्रयोग मतदान केंद्र परियोजना बालिका उच्च विद्यालय केंद्र संख्या 170 में किया। जबकि एसपी अनुदीप सिंह ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाघीटांड फरेंदा में मतदान किया। वहीं जीप अध्यक्ष रामधन यादव ने पुरनाडीह में मतदान किया। वहीं पूर्व जीप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने भी अपने परिजनों के साथ मतदान किया।

### मैंने अपना वोट दिया, आप भी वोट जरूर करें : उपायुक्त

वोट देने के बाद उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि जिले के मतदाताओं में वोट के लिए सुबह से ही उत्साह देखा जा रहा है, तेजी से मतदान प्रक्रिया हो इसके लिए हर सम्भव प्रयास किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि मैंने अपना वोट दिया, आपलोग भी मतदान जरूर करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान बहुत आवश्यक है। वहीं उन्होंने कहा कि इस बार कई बूथों पर पर्यावरण सुरक्षा का सन्देश दिया गया ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो सके।







### स्थिर सरकार के गठन के लिए मताधिकार का प्रयोग करें : डॉ.नीरा यादव

कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण और देश में स्थिर सरकार के गठन के लिए उन्होंने मतदान किया है। वहीं उन्होंने सबों से अनुरोध किया कि आप भी सशक्त भारत के निर्माण के लिए वोट करें।

### पहली बार वोट कर युवा हुए खुश

लोकतंत्र के इस चुनावी महापर्व में पहली बार वोट दे कर युवा वर्ग काफी उत्साहित दिखाई दिये। वहीं पहली बार मतदान करने पहुंचे युवाओं ने कहा की वोट करके गर्वान्वित महसूस हो रहा है, लगा देश के लिए कुछ कर रहे हैं। वहीं आकांक्षा किरण, अनीश कश्यप समेत अन्य युवाओं ने कहा कि वह ऐसे उम्मीदवार को वोट दे रहे हैं जो क्षेत्र के समग्र विकास कर सके।

### परियोजना बालिका उच्च विद्यालय रहा आकर्षण का केंद्र

लोकसभा चुनाव को लेकर इस बार मतदान केंद्रों को कई थीमों पर तैयार किया गया। जिसमे जिला मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को इक्को फ्रेंडली ग्रीन आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तब्दील किया गया। इस विद्यालय में बूथ संख्या 170, 171, 172 और 173 चार मतदान केंद्र हैं, चारों मतदान केंद्रों को अलग अलग तरीके से सजाया गया था, साथ ही केंद्र में पेयजल व्यवस्था, मतदाताओं के लिए वेटिंग एरिया भी बनाया गया था, केंद्र में बेहतर व्यवस्था देख हर वोटर प्रभावित नजर आए।



### डीसी ने मतदान कार्य का लीया जायजा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित मतदान केंद्र पहुंची और मतदान प्रक्रिया से लेकर सुरक्षा व्यवस्था आदि से सम्बंधित जानकारियां ली और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस दौरान उन्होंने वोटरों से भी मिली।

**स्पीड न्यूज**

### सड़क, बिजली,पानी, नेटवर्क एवं स्वास्थ सुविधा नहीं होने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार

- बूथ नंबर 15 और 16 में मतदान कर्मी मतदाताओं का के इंतजार में रहे बैठे
- बीडीओ, सीओ एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के समझाने के बाद भी अपनी बातों पर रहे अड़े
- साढ़े तीन बजे के बाद बड़ी मशक्कत से ग्रामीणों ने मतदान करना किया जारी



**सिमरिया।** चतरा जिला के लावालौंग प्रखंड अंतर्गत मड़वा बूथ पर नंबर 15, 16 में मतदाताओं ने सड़क और पानी बिजली एवं नेटवर्क नहीं होने के कारण वोट को बहिष्कार कर दिया। हालांकि जानकारी मिलते हीं बीडीओ सीओ और थाना प्रभारी भी पहुंचे साथ में कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे किंतु मतदान करने से इनकार करते रहे। दोपहर 3:30 बजे के बाद जिला अधिकारियों के टीम जब मड़वा गांव पहुंची तो उनके बातों पर मतदान करने के लिए ग्रामीण राजी हुए और मतदान जारी है। लोगों का कहना था कि आज आजादी के 75 वर्ष हो चुका है। देश अमृत काल मना रहा है। वहीं हम ग्रामीणों ने कई सांसदों एवं विधायकों को वोट देकर सांसद और विधायक चुना।किंतु किसी ने हमारी मूल भूत समस्याओं पर पहल नहीं किया। जिसका कोप भाजन आज तक हम लोग झेल रहे हैं। भाजपा सांसद सुनील सिंह को दो बार चुनाव जीता कर भेजे। चुनाव के दौरान मड़वा गांव में पहुंच सड़क बिजली पानी देने का आशवासन दिया अभी तक झांकने तक नहीं आया। वहीं विधायक गणेश गंझू और विधायक किसुन दास को भी विधायक बना कर भेजे किंतु सभी ने अनदेखी कर दिया। आज हम लोग सेंचुरी जंगल होने का दंश झेल रहे हैं। इधर वन विभाग के आतंक से सड़क बनते बनते बिगड़ जा रहा है। वन विभाग का कहना है कि यह सेंचुरी क्षेत्र हमारा है यहां ना बिजली आने देंगे ना सड़क बनने देंगे।इसी गुस्से में ग्रामीणों ने एक जुट होकर वोट बहिष्कार का ऐलान कर आंदोलन छेड़ दिया। जिससे 3:30 बजे मतदान कार्य प्रारम्भ की गई। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### टंडवा प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान, 80 प्रतिशत हुआ मतदान



**टंडवा(चतरा)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 का मतदान टंडवा प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें सभी मतदान बूथों पर पुलिस मुस्तैद रही। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया और गर्व से मतदान कर जलपान किया। गाडीलौंग पंचायत के बूथ संख्या 375 और 376 में 91 वर्षीय छेदी बरइ और मसो पार्वती देवी ने देशहित के लिए अपना मतदान किया और देश की जिम्मेदार नागरिक बनीं। गाडीलौंग में लगभग 80 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं और बीएलओ की अहम भूमिका रही। मतदाताओं का मानना है कि 80 प्रतिशत मतदान होने में इनकी अहम भूमिका रही।

### बदलाव को लेकर आम अवाम में दिखा उत्साह, जनता मालिकों का आभार : रामधन

**कोडरमा।** बदलाव को लेकर आम अवाम का उत्साह हर बूथ पर नजर आया। जनता ने स्थानीय मुद्दे को लेकर अपना मतदान किया है। कई बूथों पर अप्रत्याशित वोटिंग प्रतिशत सत्ता के खिलाफ आक्रोश की ओर इशारा कर रहा है। उक्त बातें इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कही। उन्होंने कहा कि कोडरमा विधानसभा में इंडिया गठबंधन लीड करेगी, कोडरमा के मतदाताओं ने जाति धर्म से ऊपर उठकर सत्ता परिवर्तन के लिए मतदान किया है।

### अन्नपूर्णा देवी ने किया बड़े अंतर से जीत का दावा, कहा

## मिथ्याप्रचार और षडयंत्र हुआ धराशायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने उत्साह जनक मतदान के लिए मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र के मेरे परिवारजनों ने सशक्त, सक्षम, आत्मनिर्भर, सुसंस्कृत और विकसित भारत के निर्माण हेतु यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए भारी संख्या में पूरे उत्साह के साथ मतदान किया है। विरोधियों के तमाम दुष्प्रचारों और मनगढ़ंत तथ्यों के प्रसार के बावजूद मेरे परिवारजनों का भरोसा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कामकाज और आगामी कार्ययोजना से थोड़ा भी नहीं डिगा। इस भरोसे और स्नेह के लिए मैं बारम्बार नतमस्तक होकर अपने परिवारजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने जिले के बूथ संख्या 196 उत्क्रमित मध्य विद्यालय करियाबर स्थित मतदान केंद्र में सपरिवार मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण भी किया। मतदान की अवधि समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत के क्रम में उन्होंने भारी मतों के अंतर से अपनी शानदार जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश की तरह कोडरमा संसदीय क्षेत्र में भी मोदी सरकार के लिए प्रो इनकमबेंसी थी। मोदी सरकार के साथ साथ मेरे अपने कामकाज से भी पूरे क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण था। ये अलग बात है कि बेमेल गठबंधन के मिथ्या प्रचार ने भ्रम की स्थिति पैदा करने की कोशिश की, लेकिन मोदी सरकार के प्रति जनता के अटूट भरोसे ने उनकी साजिश नाकाम कर दी। 4 जून को जब चुनाव परिणाम आएगा तो इन तमाम दुष्प्रचारों और साजिशों की हवा निकल जायेगी और विकसित भारत का नया सूर्योदय होगा।

### चतरा के उपायुक्त ने अपनी पत्नी के साथ मतदान किया



चतरा के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने अपनी पत्नी के साथ मतदान केंद्र संख्या 386 सुरही में मतदान किया। उन्होंने दोपहर डेढ़ बजे लाइन में खड़े होकर मतदान किया। इस मौके पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम थे।

### गिद्धौर में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ लोकसभा चुनाव



**गिद्धौर।** प्रखंड में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 66% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रखंड प्रशासन सभी मतदान केंद्रों पर मुस्तैद रहा और प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहे। मतदाताओं में चुनाव को लेकर उत्साह देखा गया और कुछ पार्टी कार्यकताओं में भी उत्सुकता देखी गई। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने पर प्रखंड प्रशासन ने क्षेत्र की प्रशंसा की।

### नक्सली क्षेत्र में लोगों ने किया खुलकर वोटिंग



**कोडरमा।** जिले के जंगली क्षेत्र गझंडी बूथ संख्या 177 और 179 पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यह पूरा इलाका कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र हुआ करता था और यहां के लोग डर से मतदान नहीं करते थे। कुछ लोग तो मतदान के दिन अपने घर से बाहर तक नहीं निकलते थे, लेकिन समय के साथ गझंडी क्षेत्र में काफी कुछ बदल चुका है। अब यहां के लोग खुलकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करते हैं। गझंडी में दोपहर 3 बजे तक 60 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हो चुका था। मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ ने बताया कि यहां जंगली क्षेत्र के वोटर हैं, जो 10 किलोमीटर दूर से वोटिंग के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ ही गझंडी बूथ में बिरहोर समुदाय के लोगों का भी वोटिंग है। वहीं जो लोग अब तक वोटिंग के लिए नहीं पहुंचे हैं उन्हें फोन कर वोटिंग के लिए बुलाया जा रहा है। इसके अलावा दूर-दराज के इलाकों से मतदाताओं को वाहनों से मतदान केंद्रों तक लाया जा रहा है।

### जयनगर प्रखंड में औसत वोटिंग रहा 60.93 प्रतिशत



**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में झारखंड के कोडरमा लोकसभा सीट पर शांतिपूर्ण मतदान रहा। चुनाव आयोग के अनुसार जयनगर प्रखंड में शाम 5 बजे तक औसत वोटिंग 60.93 प्रतिशत रहा। जिसमें पुरुषों के अपेक्षा महिलाओं की वोटिंग प्रतिशत अधिक रहा। सोमवार को उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई, उनमें से मुख्य रूप से अन्नपूर्णा देवी, विनोद सिंह, जयप्रकाश वर्मा, जयनारायन दास इत्यादि रहे। वहीं शाम 5 बजे तक अनुमानित वाटर टर्न आउट 60.93 प्रतिशत रहा।

## चतरा लोकसभा सीट पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, 62.96 प्रतिशत हुई वोटिंग






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा संसदीय सीट पर सोमवार को हुए मतदान का कार्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय शाम पांच बजे समाप्त हो गया। मतदाता अहले सुबह से ही अपने घरों से निकले और बंपर वोटिंग की। मतदान को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह महिला और युवा मतदाताओं में देखा गया। 62.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कड़ी धूप और लू के थपेड़ों के बावजूद मतदाता घरों से निकले और खुल कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनके जागरूकता के कारण ही इस बार लोकसभा क्षेत्र में करीब 62.96 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। मतदान कर्मियों की सुस्ती के कारण लोगों को थोड़ी परेशानी हुई. रुक-रुक कर हो रहे मतदान के कारण कई वोटर्स मतदान से वंचित रह गए। वोटिंग प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शहरी क्षेत्र मतदान केंद्रों का ईवीएम जिला बल के जवानों की देखरेख में चतरा महाविद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम में पहुंचाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित मतदान केंद्रों के ईवीएम को पारा मिलिट्री फोर्स के जवानों की अभिरक्षा में कलस्टर तक पहुंचाया जा रहा है।

### मतदान के लिए लोगों ने घंटों तक कतार में खड़े रहकर मतदान किया

मतदान केंद्रों पर गर्मी से बचने के लिए टेंट की व्यवस्था की गई थी, लेकिन मतदाताओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि कई जगहों पर टेंट छोटा पड़ गया। इसके बावजूद मतदाताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और भीषण गर्मी के बाद भी मतदाता चिलचिलाती धूप में मतदान के लिए खड़े रहे। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मतदाताओं की भीड़ देखी गई और सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी लाइन लगी हुई थी।

**महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं में दिखा उत्साह :** लोकसभा 2024 चुनाव में 20 मई को उत्सव का माहौल रहा। मतदान में बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाओं सहित युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदाता सुबह से ही मतदान केंद्रों पर कतार में लगे थे। मतदान केंद्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, रैम्प आदि की बेहतर व्यवस्था थी। महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर मतदान किया।

**नक्सल प्रभावित लावालौंग में मतदाता खुलकर किया वोट :** चतरा लोकसभा सीट के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित लावालौंग में बूथ संख्या 20 और 21 पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगीं। सुबह से ही मतदाता मतदान करने पहुंच गए थे। नक्सली प्रभाव क्षेत्र में पहले नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार के कारण मतदान नहीं होता था, लेकिन अब हालात बदले हैं और मतदाता खुलकर मतदान करने आ रहे हैं।

**एक-दूसरे से राजनीतिक चर्चा करते नजर आए:** शहर की गुमटी, चौक-बाजार और प्रमुख दुकानों के आसपास लोग वोट डालने के बाद राजनीतिक चर्चा करते दिखे। कुछ ने एक-दूसरे से पूछा कि उन्होंने किसे वोट दिया। महिलाएं बूथ पर अपनी बारी का इंतजार करती रहीं और घरों की समस्याओं पर चर्चा करती रहीं। युवाओं ने कहा कि देश मजबूत करने वाली पार्टी की ही सरकार बनेगी। वोट डालने के बाद लोग चुपचाप अपने घरों को चले गए।

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक डॉ शशिभूषण के पिता शिवलोचन मेहता ने किया मतदान



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के पिता शिवलोचन मेहता (105 वर्ष) ने प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर ग्राम कोईरीपतरा अपने बूथ संख्या 176 में वोट किया।

### जिला सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अजीत तिवारी ने किया मतदान



**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा में सोमवार को सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ है। इसी क्रम में जिले के सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अजित कुमार तिवारी ने भी अपने बूथ पर जाकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपना मतदान किया। उन्होंने सभी से लोकतंत्र के इस महात्योहार में अपना मतदान अनिवार्य रूप से करने की अपील की।

### आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकारनाथ ने जुरू बूथ पर किया मतदान



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पार्टी विधानसभा के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने चतरा संसदीय क्षेत्र में हो रहे पांचवां चरण के मतदान में अपने पैतृक गांव जूरु के प्राथमिक विद्यालय बूथ पर पत्नी सहित मतदान किया। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्र को एकजुट रखने के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

### दो सगे भाइयों में मारपीट, तीन घायल

**मोहम्मदगंज पलामू।** थानान्तर्गत मोहम्मदगंज नदीपर टोला पर रविवार की रात्रि आपसी परिवारिक विवाद को लेकर अपने ही दो सगे भाइयों के बीच हुई मारपीट में तीन घायल हो गए है। जिसमें एक पक्ष के महिला अनिता देवी का माथा फट गया है। वहीं प्रमोद यादव के हाथ में गंभीर चोट है। वहीं दूसरे पक्ष के राकेश यादव के हाथ में चोट लगी है। दोनों पक्षो के घायलों का इलाज मोहम्मदगंज थाना के प्रतिवेदन के आधार पर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें गंभीर अनिता देवी और प्रमोद यादव को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल भेज दिया गया है। प्राथमिकी के लिए अबतक कोई आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है। आवेदन प्राप्त होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

### राहगीरों को शीतल जल पिलायेगा लायंस क्लब : डॉ प्रवीण सिद्धार्थ




**मेदिनीनगर।** प्रचंड गर्मी को देखते हुए लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के द्वारा शहर में कई जगहों पर पनशाला खोला जा रहा है ताकि राहगीरों को प्यास बुझाने के लिए भटकना नहीं पड़े। सोमवार को स्थानीय निर्मला मल्टी सिटी हॉस्पिटल के सामने एक पनशाला का उद्घाटन लायंस क्लब की महिला शक्ति लायनेश लिली मिश्रा एवं लायंनेश प्रियंका आनंद साहू ने किया। मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि इस तपती गर्मी में राहगीरों के साथ-साथ पक्षियों के लिए भी हम लोगों को प्याऊ जगह-जगह पर खोलना चाहिए। नदी तालाब जहां पानी जमा हुआ करता था, सारे जगह पर पानी के बदले धूल उड़ रहा है ऐसे में पशु पक्षी पानी के लिए भटक रहें। उन्होंने आम जनता से भी आग्रह किया कि अपने छत एवं बालकोनियों पर चिड़िया के लिए कोई बर्तन में पानी अवश्य रखें, घर के बाहर चापाकल या कोई भी पानी के साधन हो तो स्टोर करने करने का जरूर प्रयास करें ताकि रोड पर चलते हुए कोई भी पशु पक्षी पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सके। लायंस परिमल प्रसून ने जल्द ही मिट्टी के टांगने वाले बर्तन को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली ताकि अपने सभी सदस्यों के घरों के साथ अपने पास पड़ोस में भी छत पर मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर टांगने का प्रयास करायेंगे ताकि पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए एक गिलहरी प्रयास कर सकें। मौके पर आनंद वर्धन, रंजन अग्रवाल, टिल्लू, नवीन पांडे, डॉ निशांत, सुमित पाठक, रोहित जैन, मनोज सोनी, अनूप कुमार, ऋषिकेश दुबे, फिरोज अंसारी, परिमल प्रसून, राघवेंद्र सिंह, निलेश चंद्र और रणजीत मिश्रा मौजूद थे।

### पांकी विस क्षेत्र में 60.04% वोटिंग

**तरहसी, पलामू (संजय पाठक)।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के 326 मतदान केंद्रों पर सोमवार सुबह सात बजे वोट डाले गये। शाम पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार 60.04 प्रतिशत वोट डाले गये। भीषण गर्मी पड़ने के बाद भी मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। बताते चलें कि पांकी विधानसभा क्षेत्र चतरा लोकसभा का हिस्सा है और इस इलाके में पांचवें चरण में मतदान हुआ। बता दें कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में पांकी के अलावा मनातू, तरहसी, लेस्लीगंज और सतबरवा प्रखंड की चार पंचायत के क्षेत्र आते हैं। इस इलाके में चुनाव कराना प्रशासन के लिए हमेशा से चुनौती रहा है। अतिनक्सल प्रभावित इलाके के रूप में इसकी पहचान रही है। मनातू इलाके में नक्सलियों ने वहां के बीडीओ की हत्या भी कर दी थी।

# चतरा लोकसभा चुनाव : पांकी विधानसभा क्षेत्र में 61.22% हुआ मतदान

**›› डीसी और एसपी कर रहे थे पल पल निगरानी**

खबर मन्त्र टीम





पांकी विस क्षेत्र के एक बूथ पर कतारबद्ध पुरुष व महिला मतदाता और निगरानी में जुटे डीसी शशि रंजन।

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत चतरा संसदीय क्षेत्र में सोमवार को पांकी विस क्षेत्र का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराया गया। पांकी विस क्षेत्र के 326 मतदान केंद्रों से कहीं किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं है। वहीं उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन पांकी विस क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर कड़ी निगरानी रखते हुए पल पल की खबरें ले रहे थे। पांकी विस क्षेत्र के प्रत्येक बूथों पर सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ हुआ जो शाम पांच बजे तक चला। मतदान में मतदाता ने बढ़ चढ़कर अपने घरों से निकलकर भाग लिये। तेज धूप एवं गर्मी रहने के बावजूद भी मतदाता कतार में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पांकी विस क्षेत्र में कुल 61.22% मतदान किया गया। पांकी प्रखंड सभागार में बने कंट्रोल रूम पर जाकर उपायुक्त शशि रंजन पल पल की खबरें ले रहे थे। इसके साथ ही प्रत्येक एक घंटा बीत जाने के बाद मतदान प्रतिशत की जानकारी लेते हुए मतदान प्रतिशत की ब्रॉड कास्टिंग की जा रही थी। नौ बजे पूर्वाह्न में 9.28% मतदान हुआ था। इसके बाद वोटों का प्रतिशत क्रमशः कर बढ़ता चला गया। अपराह्न तीन बजे तक 51.24% मतदान हुआ था जो शाम पांच बजे के मतदान में 61.22% पर रूक गया। उपायुक्त कंट्रोल रूम से ही विस क्षेत्र के प्रत्येक बूथों पर तैनात मतदानकर्मियों एवं पीठासीन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। दूसरी ओर एसपी रीष्मा रमेसन भी मतदान के दौरान बूथों पर तैनात पुलिस बल एवं अपने मातहत पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कड़ी निगरानी कर रही थी।

### ऐसे बढ़ता गया मतदान प्रतिशत

- चतरा लोकसभा के पांकी विस में पूर्वाह्न 9 बजे तक कुल 9.28% मतदान हुआ।
- चतरा लोकसभा के पांकी विस में पूर्वाह्न 11 बजे तक कुल 25.69% मतदान हुआ।
- चतरा लोकसभा के पांकी विस में अपराह्न 01 बजे तक कुल 39.90% मतदान हुआ।
- चतरा लोकसभा के पांकी विस में अपराह्न 03 बजे तक कुल 51.24% मतदान हुआ।
- चतरा लोकसभा के पांकी विस में अपराह्न 05 बजे तक कुल 60.4% मतदान हुआ।

### पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अपने परिवार के साथ किया मतदान



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने अपने परिवार के साथ अपने पैतृक आवास प्रखंड नीलांबर पितांबरपुर के ग्राम कोईरीपतरा बूथ संख्या 176 पर मतदान किया। साथ ही पांकी विस क्षेत्र के आम मतदाताओं से वोट करने की अपील की।

### भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने की मतदान



**मेदिनीनगर।** भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने पांकी प्रखंड के नूरु पंचायत के बूथ संख्या 304 में अपना मतदान किया। श्रीमती गुप्ता के अलावा कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदान किये।

पलामू एसपी मतदान के दौरान अतिनक्सल प्रभावित मनातू क्षेत्र का किया भ्रमण

# पुलिस के प्रति ग्रामीणों का विश्वास बढ़ा : रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में चतरा संसदीय क्षेत्र का मतदान हो रहा है। इसमें पांकी विधानसभा क्षेत्र का पूरा एरिया आता है। जहां पर पलामू जिला के मतदानकर्मियों को 326 मतदान केंद्रों पर लगाया गया है। एक समय था कि मतदानकर्मी मनातू, पीपराटांड़, चक, मीटार, मंसूरिया समेत अन्य मतदान केंद्र पर जाने से डरते थे। विधानसभा हो या लोकसभा का चुनाव इसमें मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से कलस्टर पर भेजा जाता था। इसके बाद मतदानकर्मी कलस्टर सेंटर से ही पुलिस की कड़ी सुरक्षा में अपने अपने मतदान केंद्र पर जाते थे। लेकिन आज हालात कुछ ऐसा बदला है कि मतदानकर्मी निर्भिक होकर छोटे बड़े वाहन के सहारे मतदान केंद्र पर जा रहे हैं और खुलकर मतदान करा रहे हैं। मनातू प्रखंड बिहार के सीमा से सटा हुआ है। जहां पर नक्सलियों की तूती बोलती थी आज मनातू के चक में पुलिस पिकेट हो जाने के कारण एवं पुलिस कर्मियों के द्वारा ग्रामीणों के सामाजिक सरोकार में हाथ बंटाने से लेकर उनके सुख सुविधा में साथ देने के कारण ग्रामीणों का विश्वास पुलिस के प्रति बढ़ा है। जिस कारण नक्सलियों का सफाया हुआ है। एक समय था कि यह अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। जहां पर रात की तो बात दूर हो दिन के दोपहर में भी लोग जाने के पहले एक बार सोचते थे।

**धनबाद लोकसभा चुनाव :** स्टार प्रचारक का जोरदार स्वागत

# पूर्व स्वास्थ्य मंत्री चंद्रवंशी ने झोंकी ताकत कहा- तीसरी बार भी बनेगी मोदी सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता




**विश्रामपुर पलामू।** धनबाद लोकसभा के निरसा में चुनाव में कुछ दिन शेष बचे हुए हैं ऐसे में सभी प्रत्याशी अपनी जोर आजमा रहे हैं। जिसे देख भाजपा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री पार्टी के स्टार प्रचारक रामचंद्र चंद्रवंशी आज धनबाद के निरसा विधान सभा में पहुंचे और भाजपा की उपलब्धियां गिनाते हुए भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में लोगों से वोट करने की अपील की। वहीं पार्टी के स्टार प्रचारक रामचंद्र चंद्रवंशी के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से उनका स्वागत किया साथ ही अंग वस्त्र, फूलो का गुलदस्ता और माला पहनाकर उनके धनबाद पर पार्टी को मजबूती मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को तीसरे बार सरकार बनाने एवं भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतो से वोट देकर जीत हासिल करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए भाजपा सरकार के कई कार्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मोदी एक शक्ति का नाम है, उन्होंने सभी को पहले वोट दान तब जलपान करने की अपील की है। इसके अलावे बोकारो में जाकर जनता में अपनी प्रत्याशी को भारी से भारी मतों से विजई बनाने ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में फिर से मोदी सरकार तीसरी बार देश में बनेगी। मौके पर विधायिका अर्पणा सेन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, रविंद्र बर्मा, विजय रवानी, बालमुकुंद दिवाकर, हरे कृष्ण रवानी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी मतदान को लेकर सुबह से लगी रही लंबी कतारें

- पूरे प्रखंड में लगभग 62.44 प्रतिशत हुआ मतदान

अवध किशोर राय राजू




**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड में लोकसभा चुनाव में सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी मतदाताओ का मतदान के प्रति लंबी कतारे लगी रही। विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदान को लेकर उत्साह रहा। मतदाताओं का कहना है कि लोकतंत्र का यह महापर्व है इसमें सभी को बढ़-चढ़कर प्रतिभागी होना चाहिए। ताकि कोई भी इस चुनाव से वंचित न रह सके इसको लेकर ग्रामीण काफी सक्रिय देखे।

**नये वोटरों में देखा गया काफी उत्साह :** सबसे अधिक उत्साह नये वोटरों में दिखा। जिन्होंने वोट देकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करायी। उन्होंने कहा कि वे विकास को लेकर मतदान कर रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक में मतदान शुरू होने से पहले ही लंबी कतार लग गयी थी। मतदान केंदों पर वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गयी थी।

**नियंत्रण कक्ष में पल-पल की जानकारी ले रहे थे पदाधिकारी एवं कर्मी :** लोकसभा चुनाव का पल-पल का आकलन लेने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाया गया था। पदाधिकारी व कर्मी क्षेत्र के मतदान केंद्रों में पोलिंग के बारे में पल-पल की जानकारी ले रहे थे। नियंत्रण कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी करकेट्टा, बीपीआरओ राजीव रंजन पांडे, बीपीओ चंद्रशेखर सिंह, सीआई महेंद्र राम के अलावा नवनियुक्त पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर सभी लोग सभी बूथ का पल-पल पर नजर रख रहे थे। ज्ञात हो कि प्रखंड में बूथ संख्या 100 से 182 तक में टोटल वोटर 79087 जिसमें पुरुष 41017 एवं महिलाएं 38009 है। बताते चलें कि मतदान करने वाले में 24397 पुरुष एवं 24984 टोटल परसेंट 62.44 हुआ मतदान महिलाओं ने मारी बाजी प्रचंड गर्मी होने के बावजूद सुबह 6:30 बजे से ही मतदाताओं की कतारबद्ध लाइन देखी गयी।

### पहली बार वोट देकर खुश दिखा बादल तिवारी



**नीलांबर पीतांबरपुर।** नये वोटर बादल तिवारी ने मतदान के बाद बताया कि पहली बार मतदान का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बड़ी खुशी हुई। बादल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और विकास के लिए मतदान किया हूं।

### वार्ड नंबर 20 के पार्षद निरंजन कुमार उर्फ लाल बाबू के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**मेदिनीनगर।** बेलवाटिका में वार्ड नंबर 20 के पार्षद स्व निरंजन कुमार उर्फ लाल बाबू के निधन पर अखिल झारखंड चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष रंजन सिंह चंद्रवंशी अधिवक्ता की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा की गयी। मौके पर सभी ने सबसे पहले दो मिनट का मौन रख कर शोक व्यक्त किया। आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि हम अपने समाज के मृदुभाषी सरल स्वभाव के बेहतर समाजसेवी व जन समस्याओं पर हर वक्त खड़ा रहने वाले युवा को खो दिया है। निकट भविष्य में भरपाई संभव नहीं दिख रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रंजन चंद्रवंशी ने कहा कि स्व लाल बाबू को सच्ची श्रद्धांजलि इनके जवाबदेही को सहयोग कर पूरा करना है। महासभा उपायुक्त पलामू से मिल कर दुर्घटना के शिकार वार्ड पार्षद के परिवार को मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा। श्रद्धांजलि सभा में शंभुनाथ चंद्रवंशी, बिजय चंद्रवंशी ने कहा कि मेदिनीनगर का ट्रैफिक व्यवस्था पुरी तरह चरमरा गयी है। टोटो गाड़ी का अव्यवस्थित ढंग से चलना हर वक्त सड़क पर डर बना रहता है। इसी गाड़ी से दुर्घटना स्व लाल बाबु के मौत कारण बना। महेश कुमार ने कहा कि वार्ड आयुक्त की निधन अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में कृष्णा कुमार, गोपाल प्रसाद, डॉ गणेश चंद्रवंशी, अरुण वर्मा, आनंद कुमार, संतोष कुमार, अधिवक्ता समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# मोहन सिनेमा हॉल के पीछे बड़ा तालाब गहरीकरण कराने की मांग

भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष ने नगर आयुक्त को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पप्पू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के आयुक्त को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के जरिये मांग की है कि डालटनगंज शहरी क्षेत्र में पेयजल की समस्या गर्मी आते ही शुरू हो जाती है। इसका मुख्य कारण है कि समय समय पर शहर के आसपास के तालाबों का साफ सफाई नहीं कराया जाता है। उन्होंने मांग की कि मोहन सिनेमा हॉल के पीछे स्थित बड़ा तालाब का वर्षों से न सफाई कराया गया है और न ही गहरीकरण किया गया है। जिस कारण इस तालाब के आसपास बसे मुहल्लों के लोगों के घरों में पानी का स्तर नीचे चला गया है। जेलहाता, बस स्टैंड रोड समेत तालाब के आसपास वाले मुहल्लों का जलस्तर नीचे चला गया है। इसलिए बरसात के पूर्व इस बड़ा तालाब का कीचड़ मिट्टी निकालकर इसका गहरीकरण कराया जाये। ताकि जलस्तर बना रहे। प्रतिनिधिमंडल में अरूण सिन्हा, सुधीर सिंह, रामाशंकर उपाध्याय, संजय भूषण, शुभम प्रसाद, सुषमा देवी शामिल थे।

# बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के बेलौदर मोड़ के समीप एनएच 98 पर रविवार की रात्रि तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से जगदीश चौधरी के 27 वर्षीय पुत्र साइकिल सवार दिलीप चौधरी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे आसपास के लोगों ने इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देख रेफर कर दिया। उसे औरंगाबाद ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार दिलीप के गर्दन के नीचे फ्रैक्चर हो गया है। वहीं कान से रक्तस्राव भी हुआ है। परिजनों के अनुसार घटना के समय दिलीप विशुनपुर गांव से अपने घर अररुआ खुर्द लौट रहा था। इस बीच एनएच 98 पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच जांच पड़ताल की।

# 20वें झारखंड वुशु एसोसिएशन 2024 के लिए पलामू से आठ लड़कियों का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता



चयनित छात्राओं को सम्मानित करते लोग।

**विश्रामपुर पलामू।** कराटे एकेडमी रेडमा डॉलटनगंज पलामू में 20 पलामू जिला पलामू वुशु एसोसिएशन में 18 स्कूल के 155छात्र जूनियर गर्ल्स बॉयज ने वुशु ओपन ट्रेल दिया। जिसमें पांडु विश्रामपुर ब्लॉक से 8 लड़कियों का चयन राज्य स्तर 20 झारखंड वुशू एसोसिएशन में हुआ। ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल पांडू से खुशी कुमारी, दिव्या कुमारी, कुटमू हाई स्कूल से प्रिंसी कुमारी, पुष्पा कुमारी, कन्या मध्य विद्यालय पांडु अर्चना कुमारी, रेशमी कुमारी, रिया कुमारी, सुमन कुमारी सभी लड़कियां गोल्ड मेडल लेकर आयी हैं। पलामू वुशू एसोसिएशन की अध्यक्ष रमेश, सचिव सुमित वर्मन मुख्य अतिथि डॉलटनगंज रेलवे मजिस्ट्रेट बीएन पांडे ने स्वर्ण पदक वितरण समारोह आयोजित किया। बच्चों को विजेता होने पर पांडु स्पोर्ट क्लब के संयोजक अरविंद सिंह ने सबको मीठा खिलाया और पांडु स्पोर्ट क्लब के प्रेसिडेंट गोविंद सिंह सचिव सिंटू सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। कहा कि ये बच्चियां अगामी 21, 22 जुलाई 20 वें राज्य स्तरीय झारखंड वुशु एसोसिएशन रांची नामकुम स्थिथ लैंस बॉल ग्रीन स्टेडियम इनडोर वुशु खेलेंगे। इसकी सूचना परफेक्ट स्पोर्ट एकेडमी पलामू के निदेशक डॉ अज्जो हसन सिद्दीकी ने दिया है।

# नौवीं की परीक्षा के टॉप-10 में आने पर स्तरोन्नत सिक्की कला उवि की छात्रा चंचल हुई सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




छात्रा चंचल को सम्मानित करते लोग।

**पाटन (पलामू)।** प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत सिक्की कला उच्च विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्रा सह बाल संसद के प्रधानत्री चंचल कुमारी नौवीं बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में जगह बनाई है। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर स्कूल के प्राचार्य रामसुंदर कुजूर, मेराल पंसस मंजू देवी, पाटन प्रखंड के मास्टर ट्रेनर भोलानाथ विश्वकर्मा, शिक्षक सुधीर रॉय ने चंचल कुमारी को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। वहीं चुनाव कराने गये स्कूल के शिक्षक संजय कुमार सिंह ने मतदान केंद्र से छात्रा चंचल को बधाई संदेश भेजा है। विदित हो कि छात्रा चंचल कुमारी मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना के तहत चयनित हुई है। उसने बताया कि साइकिल योजना का डेमो चेक दिया था लेकिन अभी तक खाते में पैसे नहीं मिले। सावित्री बाई फुले योजना छात्रवृति का भी पैसा अभी तक नहीं मिला है। स्कूल में बेंच डेस्क के साथ चहारदीवारी, शौचालय भी नहीं है। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक और शिक्षिकाओं को भी काफी परेशानी होती है। छात्रा चंचल ने उपायुक्त से मांग की है कि साइकिल योजना, मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना, सावित्री बाई फुले योजना का पैसा स्कूल के सभी छात्र छात्राओं को समय पर दिलाया जाये। साथ ही स्कूल में बेंच डेस्क चारदीवारी शौचालय निर्माण जल्द कराया जाये। कार्यक्रम में प्रखंड के सहायक अध्यापक संघ के उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, शिक्षक अरविंद कुमार, राजकुमारी, वीणा, आशा, बबिता, विकास मेहता उपस्थित थे।

